## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी वर्कर्स 11 को करेंगी राज्य स्तरीय रैली

**करनाल।** आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन के बैनर तले सैकड़ों कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जिला स्तर पर प्रदर्शन किया और महिला एवं बाल विकास मंत्री के नाम ज्ञापन जिला कार्यक्रम अधिकारी को सौंपा। जिला प्रधान रूपा राणा और जिला सचिव बिजनेश राणा ने कहा कि विभाग द्वारा बार-बार आश्वासन देने के बावजूद लंबित मांगों का समाधान नहीं किया जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकार की ओर से मिलने वाला मानदेय समय पर नहीं मिल रहा, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आंगनवाड़ी केंद्रों के किराये और मानदेय का भुगतान कई महीनों से लंबित है। यदि मांगों का समाधान नहीं हुआ तो 11 जून को पंचकूला स्थित निदेशक कार्यालय पर राज्य स्तरीय रैली आयोजित की जाएगी।

### 15 को डीसी कार्यालय तक मार्च करेंगे चौकीदार




**करनाल।** हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा के खंड चिड़ाव की बैठक आयोजित की गई, जिसमें राज्य महासचिव कलीराम और परवारा राम ने भाग लिया। बैठक में ग्रामीण चौकीदारों की लंबित मांगों पर चर्चा की गई। नेताओं ने कहा कि बढ़ती महंगाई के दौर में वर्तमान मानदेय पर परिवार का पालन-पोषण करना कठिन हो गया है। चौकीदार गांवों में 24 घंटे सेवाएं देते हैं, लेकिन उन्हें उसके अनुरूप सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 जून को फव्वारा पार्क से प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा जाएगा।

### किसानों की अनदेखी कर रही सरकार : टेक चंद

**घरौंडा।** किसान यूनियन ब्लॉक घरौंडा की मीटिंग गांव गुढ़ा में हुई। जिसकी अध्यक्षता किसान नेता टेकचंद ने की। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सेवा सिंह आर्य ने भी भाग लिया। उन्होंने कहा है कि किसानो की सरकार लगातार अनदेखी करते आ रहे हैं। किसानों को फसलों के लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य नहीं दिए गए, केवल मिनिमम सपोर्ट प्राइस पर ही लूट गया है। जिसकी वजह से आज किसान अधिक पैदावार करने के बाद भी कर्ज की दलदल में फस चुका है।

### पूनिया व चुघ को प्रत्याशी बनाने पर उत्साह

**करनाल।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा हरियाणा प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया को राजस्थान तथा राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ को मध्य प्रदेश से राज्यसभा प्रत्याशी घोषित किए जाने पर करनाल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की। महापौर रेणु बाला गुप्ता और भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता ने संयुक्त बयान में कहा कि पार्टी नेतृत्व ने एक बार फिर कर्मठ और संगठन के प्रति समर्पित नेताओं को सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि उनका अनुभव और संगठनात्मक क्षमता उच्च सदन में पार्टी की आवाज को और मजबूती प्रदान करेगी।

---

करनाल नगर निगम की बड़ी उपलब्धि

# 6.40 करोड़ की तीन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकास के लिए प्रतिबद्ध : महापौर रेणु बाला गुप्ता



शहर के चहुंमुखी विकास और नागरिक सुविधाओं को अत्याधुनिक व सुदृढ़ बनाने की दिशा में शुक्रवार को करनाल नगर निगम ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। महापौर रेणु बाला गुप्ता और स्थानीय विधायक जगमोहन आनंद ने संयुक्त रूप से शहर की जनता को समर्पित तीन महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी विकास परियोजनाओं का विधिवत उद्घाटन किया। इस गरिमामयी समारोह के दौरान चेयरपर्सन मेघा भंडारी, पार्षद जोगिंदर शर्मा सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी तथा स्थानीय गणमान्य नागरिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में करनाल नगर निगम शहर के समग्र विकास और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा, */"हमारा मुख्य उद्देश्य हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और आधुनिक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि करनाल एक आदर्श और विकसित शहर के रूप में अपनी पहचान को और सुदृढ़ कर सके। आज जिन तीन नवीन परियोजनाओं की शुरुआत हुई है, वे शहर की तस्वीर बदलने में मील का पत्थर साबित होंगी। समारोह के दौरान एएम पीएम स्टोर से होंडा शोरूम के समीप तक कर्ण कैनाल के साथ-साथ बनने वाली नई बिटुमेन (तारकोल) रोड के निर्माण का शुभारंभ करते हुए विधायक जगमोहन आनंद ने भी जनता को संबोधित किया। उन्होंने नगर निगम और महापौर के प्रयासों की जमकर सराहना की। इस नई सड़क के निर्माण पर करीब 640 लाख (6.40 करोड़) रुपये की भारी-भरकम राशि खर्च की जा रही है, जिसका निर्माण कार्य अगले छह महीनों में पूरा कर लिया जाएगा। इस मार्ग के बनने से क्षेत्र में वाहनों का आवागमन बेहद सुगम और सुरक्षित हो जाएगा, जिससे स्थानीय नागरिकों और राहगीरों को रोजाना लगने वाले जाम की स्थिति से बड़ी राहत मिलेगी।

### जलभराव से मुक्ति

महापौर ने परियोजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि मुगल कैनाल फेज-दो क्षेत्र में नागरिकों को सुचारू और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए डीआई पाइपलाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ किया गया है। इसके साथ ही, ओल्ड मुगल कैनाल क्षेत्र में सब्जी मंडी पुल से लेकर मेरठ रोड पुल तक फेज-दो सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य का भी उद्घाटन किया गया। इस लाइन के निर्माण से पूरे क्षेत्र की निकासी व्यवस्था और अधिक व्यवस्थित व प्रभावी होगी, जिससे स्थानीय निवासियों को जलभराव की पुरानी समस्या से हमेशा के लिए निजात मिल जाएगी।

---

# पाकिस्तानी व रिफ्यूजी कहने वालों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

- पंजाबी खत्री समाज के लोग डीसी कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन में सख्त कानून बनाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




जिला सचिवालय के बाहर शुक्रवार को पंजाबी खत्री समाज के लोगों ने एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया। समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपायुक्त (डीसी) कार्यालय पहुंचे और वहां प्रशासनिक अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपकर ऐसे अपमानजनक और आपत्तिजनक शब्दों के प्रयोग पर तुरंत रोक लगाने के लिए एक सख्त कानून बनाने की मांग उठाई. प्रदर्शन के दौरान समाज के लोगों ने गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की टिप्पणियों से उनकी सामाजिक और व्यक्तिगत भावनाएं आहत होती हैं और वे लंबे समय से इस पर कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। अखिल भारतीय पंजाबी खत्री सभा के अध्यक्ष शेरू विग ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी सच्चे भारतीय को 'पाकिस्तानी' या 'रिफ्यूजी' कहना पूरी तरह से गलत, अतार्किक और संकीर्ण मानसिकता का परिचायक है।

हमारे पूर्वज और हम स्वयं इसी पावन भारत भूमि पर जन्मे हैं, इसके बावजूद हमें ऐसे शब्दों से संबोधित किया जाता है, जो बेहद अपमानजनक है। समाज के लोगों ने सरकार से पुरजोर मांग की है कि देश के विभाजन के समय सरकार ने उनके पूर्वजों को पूरे मान-सम्मान के साथ भारत में बसाया था इसलिए जो लोग उन्हें आज भी बाहरी या पाकिस्तानी बताते हैं, उनकी इस संकीर्ण सोच को कुचलने के लिए एक कड़ा एक्ट बनाया जाए ताकि भविष्य में ऐसी बयानबाजी पर पूरी तरह रोक लग सके।

---

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधरोपण

- लगाए गए पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी

आज नीलोखेड़ी के नवनिर्मित पी.डब्ल्यू.डी रेस्ट हाउस में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत नवनिर्मित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस नीलोखेड़ी के पार्क के प्रांगण में पौधारोपण किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नीलोखेड़ी के नवनिर्मित पी.डब्ल्यू.डी. रेस्ट हाउस में विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने पौधारोपण कर पर्यावरण दिवस मनाया। कार्यक्रम के दौरान नवनिर्मित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के पार्क परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों ने पौधारोपण कर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर विधायक भगवानदान दास कबीरपंथी ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए हर व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देना चाहिए। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह माताओं के प्रति सम्मान और समर्पण का भी प्रतीक है। सभी उपस्थित लोगों ने लगाए गए पौधों की देखभाल करने तथा भविष्य में भी अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संकल्प लिया।

---

# शिक्षा मंत्री आवास पर कंप्यूटर लैब अटेंडेंट का प्रदर्शन 11 को

- वेतन में सम्मानजनक वृद्धि करने व अन्य मांगों को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कंप्यूटर लैब अटेंडेंट की जिला स्तरीय बैठक कर्ण पार्क में जिला प्रधान जसबीर जानी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 11 जून को प्रदेशभर के कंप्यूटर लैब अटेंडेंट पानीपत स्थित शिक्षा मंत्री के आवास पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

जसबीर जानी ने कहा कि कंप्यूटर लैब अटेंडेंट पिछले 14 वर्षों से हरियाणा के सरकारी स्कूलों में सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन आज भी उन्हें मात्र 12 हजार रुपये वेतन मिलता है। इसके अलावा गर्मी और सर्दी की छुट्टियों का वेतन भी नहीं दिया जाता। उन्होंने बताया कि हरियाणा सर्विस सिक्योरिटी एक्ट के तहत पात्र कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा देने के लिए पोर्टल बनाया गया था, लेकिन तकनीकी समस्याओं और ओटीपी जारी न होने के कारण कंप्यूटर लैब अटेंडेंट आवेदन नहीं कर सके। आवेदन की अंतिम तिथि भी समाप्त हो चुकी है।

बैठक में मांग की गई कि सर्विस सिक्योरिटी पोर्टल पर आवेदन की अवधि बढ़ाई जाए, पात्र कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा प्रदान की जाए, वेतन में सम्मानजनक वृद्धि की जाए और अवकाश अवधि का वेतन दिया जाए।

---

# नाक, कान-गला रोग जांच शिविर में 70 पेंशनर्स ने उठाया लाभ

- मेडलाइन अस्पताल की टीम ने की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा सिविल पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन (मुख्यालय) माल रोड पर मेडलाईन अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर प्रा. लि. की ओर से नाक, कान और गला रोगों से संबंधित विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसोसिएशन से जुड़े लगभग 70 पेंशनरों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. विनीत पंचाल के नेतृत्व में आयोजित शिविर में मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया। साथ ही चिकित्सकों की टीम द्वारा निशुल्क बीपी, ब्लड शुगर और वजन की जांच भी की गई। शिविर के आयोजन में अस्पताल के मार्केटिंग हेड राजेश आर्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही। एसोसिएशन के राज्याध्यक्ष एस.एल. दुरेजा ने बताया कि शिविर का लाभ केवल एसोसिएशन द्वारा जारी पहचान पत्र धारक सदस्यों को दिया गया।

---

## तरावड़ी में विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पालिका की बैठक आयोजित

# कचरा प्रबंधन के नए नियम लागू करने पर जोर

- पार्षदों को स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने के लिए सरकार की नई गाइडलाइंस की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



**तरावड़ी।** बैठक मे भाग लेते पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल, सचिव अजीत कुमार व पार्षदगण। *फोटो : हरिभूमि*

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिका तरावड़ी के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल ने की, जबकि नगर पालिका सचिव अजीत कुमार सहित शहर के सभी पार्षदगण उपस्थित रहे।

बैठक मे नगर पालिका सचिव अजीत कुमार ने उपस्थित पार्षदों को कहा कि आज पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग, असमय मौसम परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण की गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है। इन समस्याओं से निपटने के लिए वृक्षारोपण ही एकमात्र और सबसे अचूक प्राकृतिक उपाय है। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल हमें प्राणवायु ही नहीं देते, बल्कि ये भूमिगत जल स्तर को सुधारने, मिट्टी के कटाव को रोकने और तापमान को नियंत्रित रखने में सबसे बड़ी भूमिका निभाते हैं। आज लगाए गए ये पौधे कल बड़े होकर आने वाली पीढियों के लिए औषधीय लाभ, शुद्ध हवा और एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करेंगे। इसलिए, केवल पौधा लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि एक संतान की तरह उनका संरक्षण और पोषण करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने पार्षदों व कार्यकर्ताओं, अधिकारियों और क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे प्रकृति को सुरक्षित और हरा-भरा बनाए रखने के लिए सदैव जागरूक रहें और अपने जीवन के विशेष अवसरों पर अधिक से अधिक पौधे लगाएं। हमारा आज का यह छोटा सा प्रयास, आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल, स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की मजबूत नींव साबित होगा। बैठक के दौरान नगर पालिका सचिव अजीत कुमार ने उपस्थित पार्षदों को स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने के लिए सरकार की नई गाइडलाइंस की जानकारी दी।

### गैलेक्सी परिवार ने किया भंडारे का आयोजन

**तरावड़ी।** गैलेक्सी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड की ओर से गैलेक्सी परिवार द्वारा परम पूज्य बाबा प्रभु दयाल जी, गुरु श्री रामपाल जी तथा बाबा बंसी वाले जी के आशीर्वाद से पवित्र पुरुषोत्तम माह पर वृंदावन की पावन भूमि में 3 जून से 9 जून तक 84 कोस परिक्रमा मार्ग पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक सेवा कार्य में प्रतिदिन हजारों की संख्या में वृंदावन पहुंचने वाले श्रद्धालु भंडारा रूपी प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। गैलेक्सी परिवार के निदेशक विनोद गोयल, विजय गोयल और कृष्ण गोयल स्वयं अपने हाथों से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर सेवा भाव का परिचय दे रहे हैं। पूरे आयोजन में भक्ति, श्रद्धा और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। पुरुषोत्तम माह के दौरान देशभर के श्रद्धालु तीर्थ स्थलों पर कथा, भंडारे और धार्मिक आयोजनों में भाग लेकर पुण्य अर्जित करते हैं।

---

## न्यूज डायरी

### महिला कॉलेज में लगेंगे 10 हजार पौधे

**करनाल।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद माधव शाखा द्वारा राजकीय महिला महाविद्यालय में पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा की पर्यावरण संयोजिका सुजाता गुप्ता ने की। इस दौरान परिषद की ओर से महाविद्यालय को 51 फलदार और सुगंधित पौधे भेंट किए गए। कॉलेज परिसर और खेल मैदान में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक रंगा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना समय की आवश्यकता है। बैठक में निर्णय लिया गया कि भारत विकास परिषद माधव शाखा और राजकीय महिला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। साथ ही जुलाई से सितंबर तक विद्यार्थियों के सहयोग से 10 हजार से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। सुजाता गुप्ता ने बताया कि विद्यालयों और महाविद्यालयों में प्रश्नोत्तरी, व्याख्यान तथा चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन कर युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। आगामी वर्ष में शहरवासियों को जागरूक करने के लिए रैलियां भी निकाली जाएंगी। कार्यक्रम में गौरी दत्ता, सुचेता गुप्ता, पायल चौधरी, सरोज बाला, विजय कक्कड़, रमेश कपूर, डॉ. प्रदीप गर्ग, अनुराधा पुनिया, प्रो. दीपक शर्मा, प्रो. संजीव कुमार, प्रो. लवकेश और प्रो. सविता उपस्थित रहे।

### भावी पीढ़ियों के भविष्य के लिए लगाएं पेड़ : लोहट

**घरौंडा।** घरौंडा विधानसभा के गांव कालरों के शक्ति केंद्र पर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाया गया। शक्ति केंद्र प्रमुख संदीप लोहट , बूथ 110 के बीएल 2 मेमपाल राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। शक्ति केंद्र प्रमुख संदीप लोहट ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाया जा रहा है मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा के निर्देश पर बूथ स्तर पर कार्यक्रम किए जा रहा है उसी कड़ी में शुक्रवार को शक्ति केंद्र कालरों के बूथ नम्बर 110 के शिव मन्दिर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे ही हमारे जीवन का आधार हैं, क्योंकि वे जीवन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। उन्होंने लोगों से भावी पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अधिकाधिक पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया ताकि एक स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। दूषित पर्यावरण के कारण होने वाली बीमारियों से बचने और प्रकृति को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि सभी बूथों पर भी पौधारोपण किया जा रहा है। उन्होंने सभी जन समूह से अपील की कि वे अपनी आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध वातावरण देने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाएं और उनकी अच्छी तरह से देखभाल करें। मन्दिर के महंत अजय भारती ने भी बच्चों के जन्मदिन पर केक न काटकर एक पेड़ लगाने की अपील की व सभी आए हुए स्वयंसेवकों को लड्डू खिलाकर विश्व पर्यावरण की शुभकामनाएं दी। अलग अलग बूथों पर कार्यक्रम में महंत अजय भारती,पूर्व पंच मेमपाल राणा,नन्ही देवी, निशांत, यश कुमार,वसीम, रामेश्वर,मेवा देवी, सन्तोष , राजेश मराठा आदि उपस्थित रहे।

### मानसिक प्रदूषण खत्म होगा तो बचेगा पर्यावरण

**करनाल।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेक्टर-7 सेवा केंद्र में विश्व पर्यावरण दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुरुग्राम से पहुंची डॉ. शिखा शर्मा ऋषि ने पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षों से प्रेम और उनकी देखभाल करने का संदेश दिया।आर्ट एंड कल्चर विंग की राष्ट्रीय समन्वयक ब्रह्माकुमारी प्रेम दीदी ने कहा कि आज धरती, जल, वायु सहित प्रकृति के पांचों तत्व प्रदूषण की चपेट में हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संकट का मूल कारण मानसिक प्रदूषण है, जिसे दूर किए बिना प्रकृति का संतुलन बहाल नहीं किया जा सकता।अखिल भारतीय पर्यावरण संरक्षक मंच के प्रमुख बहादुर सिंह ने लोगों से जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों पर पौधा लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में पौधारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कैप्टन आरके राणा, बीके शिखा, बीके शिविका, डॉ. डीडी शर्मा, रामलाल कटारिया, सुरिंद्र नागरू, केके खन्ना, रमेश कुमार, सुरेश मेहता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### जिले में तेज हुआ योग अभियान

**करनाल।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में जिलेभर में योग जागरूकता अभियान को व्यापक रूप दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर आयुष विभाग द्वारा विभिन्न संस्थानों, गांवों और आयुष केंद्रों में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि शुक्रवार को राजकीय पॉलिटेक्निक नीलोखेड़ी, बाल भवन, जिला कारागार, 90 गांवों की 34 योग व्यायामशालाओं और 56 आयुष केंद्रों में विशेष योग प्रशिक्षण आयोजित किया गया। हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी एवं योग विशेषज्ञ डॉ. अमित पुंज ने बताया कि नीलोखेड़ी पॉलिटेक्निक के कन्या छात्रावास में छात्राओं और स्टाफ को अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं बाल भवन में चल रहे विशेष शिविर में 155 बच्चों ने भाग लिया। जिला कारागार में बंदियों के लिए 1 से 21 जून तक विशेष योग शिविर चलाया जा रहा है। शुक्रवार को 485 बंदियों ने योगाभ्यास में हिस्सा लिया। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में 56 आयुष योग प्रशिक्षकों की टीम लगातार प्रशिक्षण दे रही है। उन्होंने बताया कि विभिन्न सामाजिक एवं योग संस्थाओं के सहयोग से जिले में कुल 272 स्थानों पर प्रतिदिन योग कक्षाएं संचालित हो रही हैं, जिनसे 7 हजार से अधिक लोग नियमित रूप से लाभान्वित हो रहे हैं।

### बैठक में बूथ स्तर तक संगठन विस्तार पर मंथन

**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता एवं जनसेवा की भावना के बल पर पार्टी लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है। संगठन की मजबूती और जनता के विश्वास को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका जरूरी है। शुक्रवार को मेहता फार्म में आयोजित करनाल विधानसभा की संगठनात्मक बैठक में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने भाग लिया। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों, आगामी कार्यक्रमों तथा जनहित से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने की रणनीति पर मंथन किया गया।महापौर ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता समाज और संगठन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से निष्ठा और समर्पण के साथ जनसेवा में जुटने का आह्वान किया। बैठक में विधायक जगमोहन आनंद, जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, जिला प्रभारी भारत भूषण जुयाल, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा, जिला महामंत्री मानव पुरी, जिला महामंत्री सुभाष कश्यप, मुख्य वक्ता राजेश, जिला उपाध्यक्ष प्रियंका काठपाल आदि मौजूद रहे।

### निगम ने चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

**करनाल।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम करनाल द्वारा पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महा स्वच्छता एवं पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। नेशनल हाईवे-44 स्थित आईटीआई चौक फ्लाईओवर के समीप आयोजित कार्यक्रम में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कदम का पौधा रोपित कर अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में वार्ड-8 के पार्षद संकल्प भंडारी, अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी, नारायणा ई-टेक्नो विद्यालय की प्रधानाचार्या शिखा अत्री तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर पौधारोपण किया और पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को समझने और निभाने का अवसर है। पार्षद संकल्प भंडारी ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं। अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने बताया कि 4 जून को वार्ड-4 स्थित कर्ण विहार और 5 जून को वार्ड-10 स्थित कालड़ा मार्केट के पास विशेष सफाई अभियान चलाया गया। मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी श्रुति मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी संस्थाओं का दायित्व नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में कनिष्ठ अभियंता संदीप दींगड़ा, सफाई निरीक्षक मनदीप सिंह, सहायक सफाई निरीक्षक प्रवेश कुमार, ट्रीगर मास्टर गुरदेव सिंह, एसबीएम टीम से सीटीएल निखिल चौबे, एक्सपर्ट अंकित, स्वास्थ्य स्वच्छता निरीक्षक तथा मोटिवेटर टीम के सदस्य मौजूद रहे।

### सामाजिक न्याय मंत्री कृष्ण बेदी ने संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में किया जलाभिषेक

**पिहोवा।** हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने 'शुक्रवार को गांव अरुणाय स्थित श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक पूजन किया। मंदिर सेवादल के प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि महंत विश्वनाथ गिरी के सानिध्य में पंडित सतीश शास्त्री ने पूजा करवाई। इस अवसर पर मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं में धार्मिक स्थलों का विशेष महत्व है। संगमेश्वर महादेव मंदिर अरूणाय जैसे पवित्र स्थान समाज में आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। मंदिर से उनका और मुख्यमंत्री नायब सैनी का विशेष लगाव है। श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी का उन पर विशेष आशीर्वाद रहा है।

## खबर संक्षेप

### घर की तीसरी मंजिल से गिरकर किशोरी की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव परढाना में तीसरी मंजिल से गिरकर 17 वर्षीय सोनाली पुत्री सुखलाल मूल निवासी गांव सराय जोगा जिला उन्नाव उत्तर प्रदेश हाल निवासी गांव परढाना की मौत हो गई। सोनाली घटना वाले भवन में ही अपने परिवार के साथ रहती थी और उसके पिता घर के सामने स्थित फैक्ट्री में नौकरी करते हैं। दूसरी ओर, थाना पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है

### कैंसर पीडित से रुपये ठगे, शिकायत

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैंप इलाके में शातिर साइबर ठगों ने लव कुमार के लाचार परिवार को अपनी ठगी का शिकार बनाया है, जो पहले से ही जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। ठगों ने यूपीआई के जरिए एक ऑनलाइन रिक्वेस्ट भेजकर पीड़ित के बैंक खाते से 99 हजार की जीवनभर की जमापूंजी साफ कर दी। लव कुमार थर्ड स्टेज के कैंसर से पीड़ित है, जबकि उसकी पत्नी भी कई गंभीर बीमारियों से जूझ रही है।

### वाहन चालक शैलेंद्र को चाकू मारकर किया घायल

**पानीपत।** पानीपत के गांव डाहर में स्थित फैक्ट्री में वाहन चालक अनुज पुत्र शैलेंद्र पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। शैलेंद्र की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने मनोज व लक्ष्य और इनके साथियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संसद ने रोजगार लोन दिलवाएं

**पानीपत।** पानीपत के गांव नौल्था में शुक्रवार को राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने सचिवालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बेरोजगार युवाओं से मुलाकात की और बीस युवाओं के लिए रोजगार लोन पास कराए। यह दौरान केंद्र और हरियाणा सरकार की रोजगार संबंधी योजनाओं के तहत किया गया, जिसका उद्देश्य राज्य में अधिक से अधिक रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा करना है। वहीं, सांसद भाटिया ने कंप्यूटर और सिलाई सेंटर का निरीक्षण करते हुए कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

### पुलिस ने नशे के विरुद्ध लोगों को किया जागरूक

**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने बराना व बबैल गांव में डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। इधर, अभियान के जिला नोडल अधिकारी डीएसपी प्रणय कुमार ने कहा कि हरियाणा पुलिस नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ-साथ जागरूकता पर विशेष ध्यान दे रही है।

### 260 ग्राम गांजा सहित नशा सप्लायर पकड़ा

**पानीपत।** समालखा चौकी पुलिस ने 260 ग्राम गांजा तस्करी मामले में वीरवार शाम को सप्लायर को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान काकोदा निवासी जोगिंद्र के रूप में हुई है। समालखा चौकी इंचार्ज एसआई विरेंद्र ने बताया कि इस मामले में थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज है।

### मंत्री के आवास पर प्रदर्शन 11 को

**पानीपत।** हरियाणा के सरकारी स्कूलों में कार्यरत कंप्यूटर लैब अटेंडेंट अपनी लंबित मांगों को लेकर 11 जून को शिक्षा मंत्री के पानीपत स्थित निवास पर प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी कंप्यूटर लैब अटेंडेंट संघ के प्रदेश नेता करमजीत संधू तथा जिला प्रधान विक्रांत ने दी।

### ब्राह्मण महासंघ की बैठक सात को

**पानीपत।** ब्राह्मण महासंघ हरियाणा की जनरल बैठक सात जून को बरसत रोड स्थित वधावा राम कॉलोनी स्थित भगवान परशुराम मंदिर में आयोजित की जाएगी। बैठक में जिला भर से पदाधिकारी और सदस्य जुटेंगे और समाजहित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी। यह जानकारी महासंघ के महासचिव संजीव भारद्वाज, सुधीर वत्स, रविंद्र पालीवाल, श्रीनिवास शर्मा व मुकेश शर्मा ने दी।

---

### केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताने के लिए 21 जून तक चलेगा महाअभियान

# मोदी सरकार के 12 वर्ष गरीब, किसान और महिला उत्थान को समर्पित : डॉ. गुप्ता

**भाजपा की विचारधारा और जनसेवा के संकल्प को घर-घर तक पहुंचाना है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ताओं का जोश और समर्पण भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। वहीं, भाजपा की विचारधारा और जनसेवा के संकल्प को घर-घर तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा मोदी और नायब सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। डा. अर्चना गुप्ता शुक्रवार को पानीपत स्थित भाजपा कार्यालय श्याम कमल में पानीपत शहरी विधानसभा कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रही थी। इस मौके पर डा. अर्चना गुप्ता ने मोदी सरकार के 12 वर्षों को बेमिसाल बताते हुए कहा कि मोदी सरकार के ये 12 वर्ष विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के पूर्ण होने पर सेवा अभियान चलाया जाएगा जिसमें अनेकों कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित करके की गई। कार्यक्रम से पहले डा. अर्चना गुप्ता और संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने पार्टी कार्यालय श्याम कमल में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों से प्रकृति को सुरक्षित और हरा-भरा बनाए रखने की अपील की। डा. गुप्ता ने कहा कि हमारा एक छोटा सा प्रयास आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल और स्वस्थ भविष्य की नींव है। वहीं प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन, व्यापारी सम्मेलन और विभिन्न संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से मोदी सरकार की नीतियों एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में मोदी सरकार की उपलब्धियों को दर्शाने वाली प्रदर्शनियां भी आयोजित की जाएंगी ताकि आमजन सरकार द्वारा किए गए कार्यों से अवगत हो सकें। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों के लिए आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। किसानों के हित में अनेक योजनाएं लागू की गई हैं, जबकि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भी ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश के प्रत्येक मंडल में सामूहिक योग एवं प्राणायाम कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस मौके पर संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, जिला प्रभारी अशोक गुर्जर, राज्यसभा सांसद संजय भाटिया, विधायक प्रमोद विज, मेयर कोमल सैनी, जिला परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा, कार्यक्रम की संयोजक एवं पूर्व मेयर अवनीत कौर, डा. राजबीर आर्य, सुनील कांतल आदि रहे।



पानीपत। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता को गंदा भेंट करते जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट। फोटो : हरिभूमि

#### मोदी सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का करें काम

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि 7 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस दौरान भाजपा प्रदेशभर में विभिन्न जनकल्याणकारी एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष देश के गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के उत्थान को समर्पित रहे हैं। इन वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। वहीं, मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 21 जून तक व्यापक जनसंपर्क और जनकल्याण के अभियान चलाए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार की जनकल्याण की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ लगातार प्रधानमंत्री के रूप में सेवा दे रहे हैं।

#### 8 से 14 जून तक चलेगा विशेष जनसंपर्क अभियान

कार्यक्रमों के बारे में बताते हुए डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि 8 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलेंगे, जिसमें केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक, प्रदेश सरकार के मंत्री, संगठन के पदाधिकारी सक्रिय रूप से भाग लेंगे। इस दौरान वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, प्रगति पथ यात्राएं तथा विकसित भारत संकल्प से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 12 से 20 जून तक लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जनकल्याण शिविर लगाए जाएंगे।

---



पानीपत। पंचायत विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार पौधे रोपते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान मातृ सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत संगम : मंत्री पंवार

**पानीपत।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार ने गांव मडलौडा स्थित अपने आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, युवा, एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने अपनी माताओं के सम्मान में एक-एक पौधा लगाने तथा उसके संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लिया। पौधारोपण के पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कृष्णलाल पंवार ने कहा कि मां हमारे जीवन की पहली गुरु होती है। जिस प्रकार मां हमें जन्म देकर हमारा पालन-पोषण करती है, उसी प्रकार वृक्ष भी मानव जीवन को सुरक्षित और समृद्ध बनाने का कार्य करते हैं। इसलिए मां और प्रकृति दोनों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का सबसे सुंदर माध्यम एक पौधा लगाना है। मंत्री ने युवाओं से विशेष रूप से आह्वान करते हुए कहा कि वे पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और सोशल मीडिया तथा जनसंपर्क के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ें। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और हरित वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।



पानीपत। आर्य सार्वदेशिक वीर दल के शिविर में अतिथियों के साथ आर्यवीर।

### मानवता की निष्काम सेवा करें आर्य वीर : गुप्ता

**पानीपत।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आर्य सार्वदेशिक वीर दल के पांच दिवसीय शिविर का समापन समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनय गुप्ता एवं सुरेश काबरा रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि धीरज कपूर और अनिल दिलौरी उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता शिविराध्यक्ष आचार्य राजकुमार शर्मा ने की। इस अवसर पर बच्चों ने मीनार, मानव पुल, सुदर्शन चक्र, टाइगर जंप, कमांडो कोर्स तथा लाठी प्रदर्शन जैसी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में आचार्य राजकुमार शर्मा, मुख्य प्रशिक्षक शिवम आर्य, एनएसएस प्रभारी प्रवीण वर्मा सहित कई व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और आर्य वीर दल के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अश्विनी सरदाना, सुरेश आर्य, राजेश आर्य, सुनील बत्रा, अशोक वर्मा, सौरव आर्य, वरुण खुराना, अशोक अरोड़ा, तीरथ राम, प्राचार्य मनीष घनघस व अनिल दिलौरी आदि मौजूद रहे।

---

## पानीपत होगा क्राइम रहित : एसपी

- पुलिस कप्तान थाना हुडा सेक्टर 29 के जीर्णोद्धार भवन का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने थाना औद्योगिक सेक्टर 29 के जीर्णोद्धार भवन का उद्घाटन किया। भवन का नवीनीकरण हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन द्वारा कराया गया है। एसपी भूपेंद्र सिंह ने मरम्मत, रंग रोगन, स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त थाना भवन पुलिस कर्मियों के कार्य निष्पादन के साथ.साथ आमजन को भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। थाना परिसर में फरियादियों के बैठने के लिए नया शेड बनाया गया है। उन्होंने थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष एवं पुलिस कर्मियों को स्वच्छता बनाए रखने, फरियादियों की शिकायतों का त्वरित समाधान करने तथा उनके साथ शालीन व्यवहार रखने के निर्देश दिए। साथ ही थाना परिसर में पौधारोपण करने का भी आह्वान किया। करीब 1 करोड़ 67 लाख 92 हजार रुपये की लागत से हुए जीर्णोद्धार में महिला एवं पुरुष लॉकअप, महिला.बाल सहायता कक्ष, अनुसंधान कक्ष, किचन, डाइनिंग रूम, मनोरंजन कक्ष, पार्किंग, आरओ व वाटर कूलर सहित आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं।



पानीपत। हुडा सेक्टर 29 पुलिस थाना के जीर्णोद्धार भवन का उद्घाटन करते कप्तान भूपेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

## पर्यावरण सुरक्षा को पौधरोपण जरूरी : सिंह

- आरंभ फाउंडेशन ने पौधे रोप कर मनाया पर्यावरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के हुडा सेक्टर 18 में शुक्रवार को आरंभ फाउंडेशन के द्वारा पर्यावरण दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। वहीं, फाउंडेशन के अध्यक्ष मेहुल जैन व उनकी टीम के द्वारा पौधारोपण अभियान, कार डस्टबिन वितरण अभियान, पौधागिरी अवार्ड 2026 एंव वाटर कूलर स्थापना का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम समारोह के मुख्य अतिथि राजबीर सिंह यादव डीएसपी सिटी का महोत्सव में पहुंचने पर पटका, पगड़ी पहनाकर एंव पौधा देकर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में पानीपत में ग्रीन पानीपत क्लीन पानीपत का मिशन को लेकर कार्य करने वाले ओजस चोपड़ा एंव नैतिक चोपड़ा को पौधागिरी अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। दूसरी ओर, डीएसपी राजबीर यादव ने कहा कि आज यह हमारे लिए गौरव की बात है कि देश का युवा प्रकृति और संस्कृति के बारे में सोच रहा है जहां आज वह अपनी भारतीय संस्कृति की ओर अग्रसर हो रहा है तो वहीं प्रकृति सुरक्षा के लिए भी अपना अहम योगदान दे रहा है उन्होंने कहा कि यह समय की मांग भी है कि हमें आज जगह-जगह पौधारोपण करना चाहिए जिस प्रकार से वातावरण प्रदूषित हो रहा है उसको शुद्ध करने के लिए सबसे अच्छा तरीका है हम अधिक से अधिक पौधारोपण करें उन्होंने विशेष रूप से आरंभ फाउंडेशन के कार डस्टबिन वितरण अभियान की सराहना की। वहीं, फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य शोभित सिंगला ने कहा कि पौधारोपण का कार्य और तेज किया जाएगा।



पानीपत। आरंभ फाउंडेशन के अध्यक्ष मेहुल जैन अतिथियों को सम्मानित करते हुए।

#### वाटर कूलर भेंट किया

पानीपत के ग्रीनमैन कहे जाने वाले प्रो दलजीत सिंह व समाजसेवी गौतम राज सिंगला भी बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पहुंचे। इस अवसर पर होप अस्पताल के पास पौधारोपण फाउंडेशन के द्वारा किया गया, साथ ही फाउंडेशन के द्वारा सेक्टर 18 टोल रोड पर ही राहगिरों के लिए वाटर कूलर लगाया गया, यह स्वर्गीय श्री कैलाश चंद्र सिंगला की पुण्य स्मृति में सुमन सिंगला के परिवार के द्वारा भेंट किया गया है।

---

### सुरक्षा के लिहाज से जीटी रोड से बैरिकेड्स हटवाएं

**पानीपत।** पानीपत के गांव करहंस गांव के पास जीटी रोड पर एक होटल के सामने सुरक्षा के लिहाज से लगाए गए भारी-भरकम सीमेंटेड बैरिकेड्स को होटल कर्मचारियों द्वारा अपने निजी स्वार्थ के लिए हटा दिया गया। होटल संचालकों ने अपनी व्यावसायिक सहूलियत के लिए महज 40 फीट खुली सड़क को बैरिकेड्स हटाकर करीब 120 फीट तक खोल दिया, जिससे हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों के लिए एक बड़ा खतरा पैदा हो गया। इस संबंध में सूचना मिलने पर एनएचएआई की टीम, समालखा ट्रैफिक पुलिस को लेकर मौके पर पहुंची और यहां पर फिर से बैरिकेड्स लगवाए।

## गुरू अर्जन देव की याद में सत्संग

- अंधकार को चीर कर, जो रोशनी दिखाए, ऐसे गुरु को शत-शत नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब माडल टाउन में शहीदों के सरताज पांचवें गुरु श्री अर्जन देव के शहीदी दिवस के उपलक्ष में संगत द्वारा किए जा रहे, श्री सुखमणि साहिब के पाठ 27वें दिन में प्रवेश कर गए।

इस अवसर पर गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने गुरु अर्जन देव के बारे में कहा कि गुरु ही ज्ञान का सागर है, गुरु ही जीवन की राह, गुरु का आशीर्वाद मिले, तो बनती हर एक बात। अंधकार को चीर कर, जो रोशनी दिखाए, ऐसे गुरु को शत-शत नमन, जो सही राह पर चलाए। कलम और किताबों का जो एहसास कराए, गुरु ही है जो सच्चा ज्ञान दिलाए। बिल्ला ने गुरुजी की शहादत के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



पानीपत। गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब में सत्संग करते हुए पर गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान जगतार बिल्ला। फोटो : हरिभूमि

### दुष्कर्म के दोषी को दस साल की कैद

**पानीपत।** असिस्टेंट सेशन जज फास्ट ट्रैक कोर्ट अंबरदीप सिंह ने शादी का झांसा देकर एक 21 वर्षीय युवती के साथ लगातार दुष्कर्म करने और उसे गर्भवती करने के आरोपी दीपक पुत्र राममेहर निवासी बलजीत नगर, पानीपत को वैज्ञानिक साक्ष्यों को आधार पर दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा दी है। वहीं सिंह ने दीपक पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी किया है, नहीं देने पर दीपक को छह माह की अतिरिक्त जेल भोगनी होगी।

### भजनों से दिया मानव सेवा का संदेश



**पानीपत।** जन सेवा दल अपना आशियाना आदर्श नगर में आध्यात्मिक एवं सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाजसेवी सतीश अनेजा की प्रेरणा से आयोजित भजन.सत्संग में मानव सेवा, प्रेम और भक्ति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ज्योति आहूजा, विमी पुरी और नीलम गाबा सहित अन्य महिलाओं ने किटी पार्टी को भजन.सत्संग का रूप देकर अनूठी पहल की। इस अवसर पर मंदबुद्धि, विकलांग एवं बुजुर्ग आश्रितों की सेवा के प्रति लोगों को प्रेरित किया गया। जन सेवा दल अपना आशियाना के प्रधान कमल गुलाटी और सचिव चमन गुलाटी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

---

### आईसीएआई में जीएसटी एंड इनकम टैक्स पर सेमिनार

## व्यावसाय की दिशा में काम करें चार्टर्ड अकाउंटेंट्स : नव्या

**कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ सीए नव्या मल्होत्रा ने किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद की पानीपत शाखा एवं एवं नॉर्दर्न इंडिया रीजनल कांउसिल (एनआईआरसी) द्वारा संयुक्त रूप से शाखा के प्रधान सीए भूपेंद्र दीक्षित की अध्यक्षता में जीएसटी एंड इनकम टैक्स विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमिनार के मुख्य वक्ता सीए अभिषेक राजा, कोषाध्यक्ष, एनआईआरसी ऑफ आईसीएआई, सीए सुनील गर्ग रहे। इस अवसर पर सीए नव्या मल्होत्रा अध्यक्ष, सीए अजीत सिंह चंदेल उपाध्यक्ष, सीए अभिषेक राजा कोषाध्यक्ष, सीए सचिन बहल एनआईआरसीएएसए अध्यक्ष, सीए रतन सिंह यादव एनआईआरसीएएसए सदस्य, सीए नितीश कुमार चुग एनआईआरसीएएसए सदस्य, सीए जगजीत सिंह जाग्गी तत्कालीन पूर्व अध्यक्ष, सीए संगम के. अग्रवाल, सीए गौरव अग्रवाल, सीए सना बक़ाई तथा सीए वैभव जैन का विशेष रूप से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ सीए नव्या मल्होत्रा ने सदस्यों को निरंतर ज्ञानवर्धन एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सीए भूपेंद्र दीक्षित ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम सदस्यों को नवीनतम विधिक एवं कर विषयों से अद्यतन रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




पानीपत। आईसीएआई में सेमिनार का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि

---

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**श्री देवेन्द्र कुमार चोपड़ा सुपुत्र स्वर्गीय श्रीमति शांति देवी धर्मपत्नी श्री प्यारे लाल निवासी मकान नम्बर 216-आर, माडल टाउन, पानीपत।**

**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री देवेन्द्र कुमार चोपड़ा सुपुत्र स्वर्गीय श्रीमति शांति देवी धर्मपत्नी श्री प्यारे लाल निवासी मकान नम्बर 216-आर, माडल टाउन, पानीपत ने एक दस्तावेज को इंतकाल/विक्रय पत्र/ट्रास्फर पत्र पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है। यह कि प्रार्थी की माता श्रीमति श्रीमति शांति देवी धर्मपत्नी श्री प्यारे लाल की मृत्यु दिनांक 09.03.1993 को हो चुकी है, यह कि प्रार्थी माता श्रीमती शांति देवी धर्मपत्नी श्री प्यारे लाल की मृत्यु उपरान्त निम्न जायज वारिस हैं :-

1. सुभाष चन्द्र 2. अश्वनी 3. देवेन्द्र कुमार चोपड़ा 4. सतीश 5. बसन्त कुमार सुपुत्रगण स्वर्गीय श्रीमति शांति देवी धर्मपत्नी श्री प्यारे लाल है। इनके अलावा अन्य कोई वारिस ना है। जिसके सम्बध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जात है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिसों के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा ।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 04.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम-सब-रजिस्टार, पानीपत**

---

**कार्यालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**दिलप्रीत सिंह पुत्र स्व. जसवन्त सिंह पुत्र स्व. बिशन सिंह उर्फ बिशान दास निवासी मकान नं0 109, -तेज कालोनी, तहसील कैम्प, तहसील व जिला पानीपत, हरियाणा व आदि**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि दिलप्रीत सिंह पुत्र स्व. जसवन्त सिंह पुत्र स्वः बिशन सिंह उर्फ बिशान दास निवासी मकान नं0 109, -तेज कालोनी, तहसील कैम्प, तहसील व जिला पानीपत, हरियाणा आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है। कि मृतक स्व. जसवन्त सिंह पुत्र स्व. बिशन सिंह का दिनंक 03.10.2020 को देहान्त हो चुका है। मृतक स्वः जसवन्त सिंह पुत्र स्व. बिशन सिंह के देहान्त के बाद निम्न वारिस/उत्तराधिकारी हैः- 1. दिलप्रीत सिंह (पुत्र) 2. श्रीमति अमरजीत कौर (पत्नी) 3. रूपिन्दर कौर (पुत्री) 4. अमनदीप कौर (पुत्री) 5. जसप्रीत कौर पसरीचा (पुत्री) 6. हरप्रीत कौर (पुत्री) ही जायज वारिस है इसके अलावा कोई अन्य वारिस व वारसान ना है। मृतक की माता श्रीमति करतार कौर का अरसा पहले देहान्त हो चुका है। पार्षद / नम्बरदार व हल्का पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट मे उपरोक्त वारसान की तस्दीक की है।

उपर दर्शाये गये वारसानों के मृतक स्व. जसवन्त सिंह पुत्र स्व. बिशन सिंह का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक स्व. जसवन्त सिंह पुत्र स्व. बिशन सिंह के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वंव/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय मे कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

वह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 04.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/- कार्यालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

## खबर संक्षेप

### सरस्वती वंदना और वंदे मातरम का अभ्यास किया

**अंबाला।** जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने बताया कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिला बाल कल्याण परिषद् एवं कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में हरियाणवी लोक गीत - देश भक्ति ( वन्दे मातरम) गीतों पर आधारित 10 दिवसीय संगीत कार्यशाला लघु बाल भवन अंबाला छावनी में आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को कार्यशाला का पांचवें दिन में बच्चों को गायत्री मंत्र वंदना, सरस्वती वंदना, वंदे मातरम का अभ्यास कराया गया।

### नीम के 50 पौधे वितरित किए

**अंबाला।** विश्व पर्यावरण दिवस पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बाड़ा में जिला आयुष अधिकारी अंबाला डॉ. संजय राजपाल के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. समिधा शर्मा द्वारा धन्वंतरि पूजन से किया गया। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस की थीम पर व्याख्यान देते जल संरक्षण, प्लास्टिक के कम उपयोग, पौधरोपण तथा स्वच्छ पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। अवसर पर ग्रामीणों को लगभग 50 नीम के पौधे वितरित किए गए। परिसर में 5 गिलोय के पौधे लगाए गए।

### न्यायिक परिसर में किया पौधरोपण

**अंबाला।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला न्यायालय परिसर, एडीआर सेंटर, ऑब्जर्वेशन होम तथा केंद्रीय कारागार में वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण अभियान का आयोजन किया गया।

### बोना रोग से फसल बचाएं किसान

**अंबाला।** धान की नर्सरियों को व्हाइट बैक्ड प्लांट हॉपर और एसआरबीएसडीवी ड्वार्फ के हमले से बचाने के लिए निवारक परामर्श दिया है। पिछले साल धान में बोना रोग की घटना को ध्यान में रखते किसानों को सहायक पौधा सरक्षण अधिकारी शेखर व कृषि विकास अधिकारी विनय ने सलाह दी।

# अंबाला के प्रथम शहीद बाबा मोहर सिंह को दी श्रद्धांजलि, 1857 के स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सेदारी की वजह से चढ़ाया था फांसी

### प्रोफेसर चांद सिंह बोले-मोहर सिंह के पराक्रम से डरती थी ब्रिटिश हुकुमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

1857 के प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में सर्वप्रथम बलिदान देने वाले अंबाला के शहीद बाबा मोहर सिंह को उनके बलिदान दिवस पर नगरवासियों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 5 जून ही वह दिन था जब मोहर सिंह और उनके साथियों की गोरिल्ला युद्ध शैली से घबराई अंग्रेज सरकार ने उनको फांसी के फंदे पर चढ़ा दिया था। स्थानीय श्रीरघुनाथ मंदिर में आयोजित इस सभा को डीएवी कॉलेज के डॉ. चांद सिंह ने संबोधित करते हुए बताया कि अंग्रेज सरकार ने महाराज रणजीत सिंह के निधन के बाद धीरे-धीरे पूरे पंजाब को अपने आधिपत्य में ले लिया। मोहर सिंह भी रोपड़ की सिख जागीरदारी के कारदार थे। 1857 में



अंबाला। शहीदी मोहर सिंह को श्रद्धांजलि देते गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

विद्रोही 5वीं पैदल सेना ने मोहर सिंह का साथ देने का निर्णय किया। ब्रिटिश सरकार ने सब हथकंडे अपना कर बाबा मोहर सिंह को पकड़ने के प्रयास आरम्भ कर दिए। ब्रिटिश सरकार मोहर सिंह से बहुत डरती थी। उनकी गिरफ्तारी के बाद अंग्रेजों को यह शंका थी कि सेना व जनता धोखे से गिरफ्तार किये गए इस योद्धा को छुड़वाने के लिए विद्रोह न कर दें।

इसी कारण उन्होंने 5 जून 1857 को अदालत लगाने का ढोंग किया ओर बिना मोहर सिंह का पक्ष जाने सीधा फांसी का फैसला सुना दिया। क्रूर सरकार ने बिना देरी किए फैसला होने के तुरंत बाद शाम तक मोहर सिंह और उनके साथियों को पेड़ पर लटका कर फांसी दे दी। धरोहर संरक्षण मंच, जयतु भारतम्, एकम न्यास, मंथन सामाजिक चेतना संगठन सहित कई संस्थाओं के प्रितिनिधि इस श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित थे। विश्व हिन्दू परिषद, धर्म प्रसार के कार्यकर्ताओं ने भी बाबा मोहर सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मंदिर समिति के राबिन जिंदल, नीलम शर्मा, नवल शर्मा, कपिल अग्रवाल, आचार्य महेश चमोली, कंवलजीत सहगल, बॉबी गोयल, विपिन आनंद, प्रेम अग्रवाल, पूनम नागपाल, गुलशन बुद्धिराजा व अभिनव गुप्त उपस्थित थे।

### आफत में फंस सकती है जान, कोचिंग सेंटरों में भी यही हाल

# ट्विन सिटी में होटल और ढाबे बिना फायर एनओसी के चल रहे

*तंग बाजार व गलियों में चल रहे संस्थानों में स्थिति बेहद खतरनाक, नोटिस के बावजूद नहीं ले रहे एनओसी, कपड़ा मार्केट में आगजनी की स्थिति में हो सकता है भारी नुकसान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ट्विन सिटी में होटल व ढाबे बिना फायर एनओसी के चल रहे हैं। मजे की बात है कि ज्यादातर कोचिंग सेंटर संचालकों के पास भी एनओसी नहीं है। ऐसे में रिहायशी व भीड़भाड़ वाले बाजारों में चल रहे इन होटल_ढाबों व कोचिंग सेंटर में आने वाले लोगों की जान सुरक्षित नहीं है। इनमें आने जाने वालों के लिए बेहद तंग सीढ़ियां हैं। हादसे की स्थिति में यहां भारी जानी नुकसान की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

#### सभी में तंग रास्ते

ज्यादातर होटल और कोचिंग सेंटरों में भी आने जाने का केवल एक ही रास्ता है। यह रास्ता भी इतना तंग है कि एक समय में यहां से एक व्यक्ति ही गुजर सकता है। यानि आपातकालीन स्थिति में यहां से गुजरना बेहद मुश्किल होगा। जबकि इन होटल व ढाबों के साथ कोचिंग सेंटर में रोज दर्जनों बच्चे पढ़ने आते हैं। अधिकांश होटलों की भी यही स्थिति है। इनमें आने जाने का एक ही रास्ता है।

#### कपड़ा मार्केट में स्थिति खराब

अंबाला शहर की प्रसिद्ध कपड़ा मार्केट में स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। यहां एक हजार से ज्यादा शो रूम व दूसरी दुकानें हैं। आगजनी की स्थिति में यहां भारी नुकसान हो सकता है। तंग गलियों में ने शोरूम में आने जाने का कोई खुला रास्ता नहीं है। कई मंजिला शोरूम में जाने के बेहद तंग रास्ते हैं। यहां पहले भी कई बार आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। यहां पर आग बुझाने के लिए अग्निशमन विभाग को भारी कसरत करनी पड़ती है। अंबाला छावनी में सौदागर बाजार की गली में अग्निशमन विभाग की गाड़ी आधे ही रास्ते जा सकती है।

#### 45 के पास नहीं है एनओसी

अंबाला छावनी क्षेत्र में करीब 80 होटल और ढाबे चल रहे हैं। इसके अलावा कोचिंग सेंटरों की संख्या भी अच्छी खासी है। इनमें से केवल 30 के पास ही दमकल विभाग की जारी होने वाली एनओसी है। अन्य संस्थान बिना एनओसी के चल रहे हैं। यहां छोटे बड़े होटलों की संख्या भी संख्या 50 से ज्यादा है। इनमें से 25 के पास भी एनओसी नहीं है। ज्यादातर ढाबे व कोचिंग सेंटर पुराने व जर्जर भवनों में चल रहे हैं। यहां सुरक्षा के उपकरणों का बेहद टोटा है।

#### फायर एनओसी लेनी बेहद जरूरी

रिहायशी व व्यवसायिक भवन मालिकों को फायर एनओसी लेनी जरुरी होती है। खासकर व्यवसायिक भवन जिसकी ऊंचाई 15 मीटर से अधिक है, उसके लिए फायर एनओसी लेना कानूनी रूप से अनिवार्य है। इसके अलावा 500 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले सभी कमर्शियल, इंडस्ट्रियल और वेयरहाउस (गोदाम) भवन, सभी होटल, रेस्टोरेंट, अस्पताल, क्लीनिक, मॉल, स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटर और बैंकॉक हॉल, चाहे उनका आकार कुछ भी हो वह भी इस दायरे में आते हैं। व्यवसायिक गतिविधियों वाले भवनों के लिए फायर एनओसी केवल 3 वर्ष के लिए वैध होती है। इसके अलावा 16.5 मीटर से अधिक ऊंची रिहाइशी सोसायटियों और बहुमंजिला फ्लैटों के लिए यह वैधता 5 वर्ष की होती है। एनओसी की अवधि खत्म होने से कम से कम 2 महीने पहले दोबारा रिन्यू करने के लिए आवेदन करना जरूरी होता है। कोचिंग सेंटर या होटलों में आने-जाने और आपातकालीन निकास के लिए चौड़े रास्ते और सीढ़ियां होनी चाहिए। बिल्डिंग के भीतर आग बुझाने वाले सिलेंडर, सप्रिंकलर सिस्टम, फायर अलार्म, स्मोक डिटेक्टर और फायर हाइड्रेंट का वर्किंग कंडीशन में होना अनिवार्य है। आग बुझाने के उपकरणों के लिए बिल्डिंग में एक समर्पित वाटर टैंक होना जरूरी है। मुख्य मार्ग से बिल्डिंग के चारों तरफ इतना खुला स्पेस होना चाहिए ताकि फायर ब्रिगेड की बड़ी गाड़ी आसानी से घूम सके। उधर फायर सेफ्टी ऑफिसर पंकज कुमार ने यह माना है कि बेहद होटल व ढाबा मालिकों के साथ कोचिंग सेंटर संचालकों के पास एनओसी नहीं है। सभी को नोटिस भेज दिए गए हैं। फिर भी एनओसी के लिए आवेदन न करने वाले संचालकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए मुख्यालय को सूचित किया जाएगा।



## शैल्बी अस्पताल में जटिल ब्लैडर रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी सफलतापूर्वक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहाली

शैल्बी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल, मोहाली ने 42 वर्षीय महिला रोगी के अत्यंत जटिल ब्लैडर रिकंस्ट्रक्शन मामले का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया है, जो दो पूर्व सर्जरी के विफल होने के बाद वर्षों से इस समस्या से जूझ रही थीं। महिला की पहली सर्जरी मार्च 2022 में संगरूर में और दूसरी सर्जरी जुलाई 2022 में मोहाली के एक निजी अस्पताल में हुई थी। उन्हें लगातार जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा था, जिनमें वेसिकोवजाइनल फिस्टुला, यूरेटेरिक रीइम्प्लांटेशन संबंधी समस्याएं व यूरेटेरिक ऑब्स्ट्रक्शन शामिल थे। शैल्बी अस्पताल, मोहाली में विस्तृत मूल्यांकन के बाद, रोगी को तत्काल हस्तक्षेप के बजाय सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध उपचार के लिए चुना गया। चिकित्सा टीम ने सर्जरी से पहले मूत्राशय की क्षमता बढ़ाने, मूत्र संक्रमण पर सख्त नियंत्रण और अंतिम सर्जरी से पहले निरंतर निगरानी सहित उपचार संबंधी प्रक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित किया। मरीज की नौ घंटे लंबी जटिल जोड़ सर्जरी, डायरेक्टर - यूरोलॉजी डॉ. मनोज शर्मा, जीआईएस सर्जन ,डॉ. दिविज जयंत (जीआईएस सर्जन) और हेड - एनेस्थीसिया डॉ. मनप्रीत गिल द्वारा की गई, जिसका उद्देश्य मूत्राशय की कार्यप्रणाली को बहाल करना और पहले की असफल प्रक्रियाओं से उत्पन्न जटिलताओं को ठीक करना था। यह प्रक्रिया मल्टीडिसीप्लिनरी और पेशेंट स्पेसिफिक एप्रोच के साथ की गई।

#### सावधानीपूर्वक दृष्टिकोण अपनाया

डॉ. मनोज शर्मा ने कहा, "यह एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण पुनर्निर्माण का मामला था क्योंकि मरीज की पहले ही दो सर्जरी हो चुकी थीं और वह अभी भी गंभीर मूत्र संबंधी जटिलताओं से जूझ रहा थी। हमने सर्जरी से पहले चरणबद्ध और सावधानीपूर्वक अनुकूलित दृष्टिकोण अपनाया, और यह योजना ही अंतिम परिणाम की सफलता का मुख्य कारण थी।"



## गंगासागर, बैद्यनाथ के साथ अयोध्या धाम की यात्रा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

सीनियर सिटीजन कौंसिल के मिडिया सदस्य सुनील मिनोचा ने बताया कि भारत गौरव ट्रेन से कल रात्रि 9:30 बजे अपनी 11 दिन की धार्मिक यात्रा से लौटी। कल यहाँ लगभग 135 सीनियर सिटीजन पंचकूला- चंडीगढ़ स्टेशन वापिस लौटे। हालांकि इसमें भागदौड़ , समय पर लौटना आदि शामिल होता है। बाकी कोई टेंशन नहीं। दृढ निश्चय से प्रभु का नाम लेते रहो । दर्शन सभी को हो जाते हैं। सुनील मिनोचा के साथ पंचकूला के साथ 15 सदस्य सकुशल, खुले दर्शन कर यहाँ लौटे। जिनमें अश्विनी अरोड़ा, उषा अरोड़ा, सुरेन्द्र सेठी, कमलेश सेठी,रमा वालिया, प्रभा भल्ला,निधि भल्ला, गोपाल कृष्ण गुप्ता, नीलम रानी ,राजा जी आदि शामिल थें। कुल विभिन्न प्रांतों के 400 से ऊपर सीनियर सिटीजन इस स्पेशल ट्रेन में मौजूद थें। सुनील मिनोचा नेआगे बताया कि रोज़ सीनियर सिटीजन के लिए बदल-बदल कर सुपाच्य भोजन दिया जाता था, जो आधुनिक रसोई में बनता था। सफ़ाई व्यस्था का सुबह - शाम ध्यान रखा गया। इस ट्रेन में 90 वर्षीय व्यक्ति अकेला भी आया था,वही कोई पत्नी -संग व्हील चेयर में भी आया था। पहले हम पुरी में जगन्नाथ मन्दिर, फिर गंगासागर गये। कहते है- 'सारे तीर्थ बार-बार,गंगासागर एक बार' जहाँ बस द्वारा ले जाया गया। वापसी कलकत्ता के कालीघाट मन्दिर ले जाया गया। फिर महात्मा बुद्ध का महाबोधी मन्दिर, पीपल का वह वृक्ष, जिसके नीचे उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई,आदि देखने स्वयं गएं।गया जी में फागुनी -नदी, जहाँ राम -सीता जी ने अपने पिता के मोक्ष के लिए पूजा- अर्चना की थीं, वहां सभी को अपने पितरों निमित्त पूजा का अवसर मिला।

■ विभिन्न प्रांतों के 400 से अधिक सीनियर सिटीजन स्पेशल ट्रेन में मौजूद थे

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### 'ऑपरेशन मैदान: महिला सहित तीन नशा तस्कर गिरफ्तार, हेरोइन और गांजा बरामद

**अंबाला।** पुलिस द्वारा नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मैदान' अभियान के तहत तीन आरोपियों को नशे की भारी खेप के साथ काबू किया है। पुलिस ने मुस्तैदी के बल पर पिछले 24 घंटों में तीन शातिर नशा तस्करों को प्रतिबंधित नशीले पदार्थों के साथ दबोचा है। पहले केस में पुलिस ने अंबाला शहर के पालिका विहार की रहने वाली एक महिला तस्कर गिरफ्तार को 18 ग्राम हेरोइन समेत काबू किया है। एएनसी के सहायक उप निरीक्षक जसबीर सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि पालिका विहार की रहने वाली एक महिला नशा तस्करी में संलिप्त है। नाकाबंदी कर उसे काबू कर उसे नशीला पदार्थ जब्त किया है। थाना अंबाला शहर में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसी तरह साहा पुलिस द्वारा 7.65 ग्राम हेरोइन सहित शातिर अपराधी गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान गुलशन कुमार वासी गांव अकबरपुर के तौर पर हुई है। जांच में पता चला है कि आरोपी गुलशन कुमार के खिलाफ पहले भी उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर और मुरादाबाद में लड़ाई-झगड़े से संबंधित आपराधिक मामले दर्ज हैं।



**1 किलो गांजे के साथ काबू :** नशा तस्करी के एक अन्य मामले में थाना शहजादपुर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी रुप्पा सिंह वासी ऋषिनगर शहजादपुर को 1 किलो 149 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है।

### माता-पिता और शिक्षकों की आज्ञा का पालन करें बच्चे



**अंबाला।** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम में डिवाइन किड्स समर कैंप का शुभारंभ हर्षोल्लास से व ईश्वरीय स्मृति से किया गया। कैंप में 8 से 15 वर्ष की आयु के विद्यार्थियों ने भाग लिया। गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के व्यक्तित्व का विकास ही इसका मुख्य उद्देश्य हैं। राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी बीके प्रीति दीदी ने बच्चों को उनके वास्तविक गुण सुख, शांति, प्रेम, आनंद, पवित्रता, शक्ति और समझदारी है, के बारे में डिटेल में बताया। उन्होंने बताया अपने बड़ों माता-पिता दादा दादी तथा टीचर का कहना माने ताकि उन्हें हर प्रकार की समझ मिल सके। आत्मा के यह सभी गुण आपस में एक दूसरे से संबंधित हैं सबका कहना मानने से आज्ञाकारी बनने से सबका प्यार मिलता है। उन्होंने बच्चों को समझाया की सबसे प्रेमपूर्वक व्यवहार करना है। नागरिक अस्पताल के सीनियर डॉक्टर जोगिंद्र ने कहा लड़ाई झगड़ा नहीं करना है। जिसके भी हम कार्य में मदद कर सकते हैं अपने बड़ों की या छोटों की उनके कार्यों में मदद करनी है। इस द्वारा हम उनको सुख दे सकते हैं। फिर उसके बदले में हमें भी सुख मिलेगा। हमें शांति से काम लेना चाहिए एकदम से गुस्से में नहीं आना चाहिए। यदि हम अच्छे बनने की कोशिश करते हैं तो हमें किसी की गलत संगति का रंग भी नहीं लगना चाहिए। संगति भी ठीक करने की शक्ति हमारे अंदर होनी चाहिए।

### बॉयोचार-अकार्बनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग वर्षा आधारित खेती में फसलों की उत्पादकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम

**बराड़ा।** गांव मनुमाजरा के होनहार युवा सचिन ने कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्हें शेर-ए-कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी जम्मू ने एग्रोनॉमी विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की है। उनकी इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। सचिन ने अपना शोध कार्य जम्मू के वर्षा आधारित उप-उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में गेहूं-मक्का फसल प्रणाली की उत्पादकता पर बॉयोचार एवं अकार्बनिक उर्वरकों के समन्वित उपयोग का प्रभाव विषय पर पूरा किया। यह शोध कार्य जम्मू के कृषि संकाय की एग्रोनॉमी डिवीजन के प्रोफेसर एवं अध्यक्ष डॉ. अरविंद प्रकाश सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। सचिन के शोध ने यह साबित किया कि बॉयोचार और अकार्बनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग वर्षा आधारित खेती में फसलों की उत्पादकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बन सकता है। शोध के अनुसार बॉयोचार मिट्टी में नमी बनाए रखने, पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ाने तथा उर्वरकों की उपयोग दक्षता में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे किसानों को कम संसाधनों में बेहतर उत्पादन प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। उनके अध्ययन में यह भी सामने आया कि बॉयोचार केवल कृषि उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं है बल्कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने, कार्बन संचयन को बढ़ावा देने तथा बंजर एवं क्षरित भूमि के पुनर्जीवन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। शोध में सुझाई गई तकनीक भविष्य की टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल कृषि व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। सचिन की इस उपलब्धि पर परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों और ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने कहा कि गांव का एक युवा राष्ट्रीय स्तर पर कृषि अनुसंधान में योगदान देकर नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बना है।



### मेधावी छात्रों को 11-11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

# गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में चला पौधरोपण अभियान, मंत्री अनिल विज ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने वृक्षारोपण किया। उनके साथ आए अन्य मेहमान व कॉलेज स्टाफ ने मिल कर कुल 200 पेड़ लगाए। इस मौके पर केबिनेट मंत्री ने कॉलेज के अकादमिक मेरिट लिस्ट के साथ साथ खेल व अन्य गतिविधियों में अव्वल रहने वाले छात्रों को



अंबाला। मंत्री अनिल विज का अभिनंदन करते कॉलेज प्राचार्य व अन्य।

सम्मानित किया व प्रत्येक छात्र को 11000 हजार रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा भी की। उन्होंने कॉलेज के नए भवन का निर्माण शीघ्र शुरू करवाने का भी आश्वासन दिया। केबिनेट मंत्री के कॉलेज पहुंचने पर प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा ने उनका बुके देकर स्वागत किया।

#### ये रहे मौजूद

वृक्षारोपण के बाद आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मंत्री अनिल विज ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सिर्फ सरकार व सरकारी विभागों का ही काम नहीं है बल्कि हर सभ्य व संवेदनशील नागरिक को पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देना चाहिए। कहा कि आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर पर्यावरण देना हम सभी की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि जो पेड़ लगाए जा रहे हैं उनकी देखरेख का जिम्मा छात्रों व स्टाफ का लेना चाहिए ताकि ये पेड़ जल्दी ही हमें छाया देने लगे। उन्होंने कहा कि छावनी का यह कॉलेज उनके प्रयासों से बना है। इसलिए यहां किसी भी तरह को कोई समस्या नहीं रहने दी जाएगी। इस मौके पर कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा व डीएफओ नरेश रंगा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर एसडीएम,जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी रेणु ऋषि सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के कन्वीनर डॉ. नायब सिंह ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ रविंदर दुबला ने किया। इस आयोजन में डॉ शगुन आहूजा,डॉ. गुरविंदर सिंह, डॉ. रोहिणी, डॉ. रविकांत,डॉ. प्रियंका,प्रो. धर्मवीर सिंह, डॉ. तरसेम रंगा व अन्य स्टाफ सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### फर्जी दस्तावेजों के जरिए लिया लोन

**नारायणगढ़।** घरेलू कलह का फायदा उठाकर एक बैंक डिफॉल्टर पति ने फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों के साथ मिलकर अपनी ही पत्नी के नाम पर करीब 18 लाख रुपये का फर्जी ऋण हड़प लिया। आरोप है कि जाली चेक के जरिए उसे कानूनी पचड़े में उलझा दिया।आरोपियों ने साजिश के तहत विवाहिता का गलत पता देकर कोर्ट से उसे भगोड़ा तक घोषित करवा दिया। पीड़िता को जब पुलिस के जरिए इसकी भनक लगी तो उसने चंडीगढ़ कोर्ट में पेश होकर जमानत ली। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर वरुण प्रताप वोहरा, नरेंद्र सिंह पर धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।पंचकूला के बागवाला के रहने वाली नवजोत कौर ने पुलिस को बताया कि उनकी शादी नरेंद्र सिंह के साथ हुई थी। दोनों के बीच साल 2019 से ही वैवाहिक विवाद चल रहा है। वह 6 अगस्त 2022 से अपने पति का घर छोड़कर अपनी नाबालिग बेटी के साथ मायके में रह रही है।